# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

**चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा**
**अष्टम् (बजट) सत्र**
**संख्या–02**
**बुधवार, दिनांक–18 जनवरी, 2017 ई०।**
**समय–11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.20 बजे पूर्वा० तक ।**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को भारी मन से सूचित किया गया कि चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा में दुमका जिलान्तर्गत लिट्टीपाड़ा विधान सभा क्षेत्र से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के नवनिर्वाचित युवा विधायक डॉ० अनिल मुरमू का असामयिक निधन दिनांक–17.01.2017 को हो गया है। इसके बाद स्व० मुरमू के सम्पूर्ण जीवनकाल के संदर्भ में उन्होंने सदन को अवगत कराया और अपनी गहरी शोक-संवेदना प्रकट की तदुपरांत माननीय सदन नेता एवं मुख्यमंत्री, श्री रघुवर दास, माननीय सदस्य, श्री दीपक बिरूवा, श्री आलमगीर आलम, श्री प्रदीप यादव, श्री रामचन्द्र सहिस, श्रीमती गीता कोड़ा एवं माननीय सदस्य, श्री राज कुमार यादव द्वारा भी शोक-संवेदनायें प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की चिर शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इसके उपरांत दो मिनट का मौन रखा गया।

तत्पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय ने सूचित किया कि स्व० मुरमू जी का पार्थिव शरीर शीघ्र ही विधान सभा परिसर में लाया जायेगा, इसके पश्चात् सभी माननीय सदस्य अपनी श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे।

पुनः उन्होंने सदन को संसूचित किया कि आज के लिए निर्धारित कार्यसूची को दिनांक–19.01.2017 की कार्यसूची के साथ लिया जायेगा तदुपरांत सदन की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक–19.01.2017 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक– 18 जनवरी, 2017 ई०।

बिनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।